Roll No. …………………..

# MAHL–103

## आधुनिक एवं समकालीन कविता

M. A. Hindi (MAHL–12/16/17)

First Year, Examination, 2018

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. निम्नलिखित पद्यों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

दुःख की पिछली रजनी बीच, विकसता सुख का नवल प्रभात।
एक परदा यह झीना नील छिपाए है, जिसमें सुख गात।

अथवा

"अगर मैं तुमको ललाती साँझ के नभ की अकेली
तारिका अब नहीं कहता
या शरद के भोर की नीहार-न्यायी कुई
टटकी कली चम्पे की, वगैरह, तो
नहीं कारण की मेरा हृदय उथला या सूना है
या कि मेरा प्यार मैली है।"

2. 'द्विवेदी युगीन हिन्दी कविता में राष्ट्रीय चेतना की अभिव्यक्ति' पर अपने विचार दीजिए।
3. 'कुकुरमुत्ता' कविता के केन्द्रीय विधान पर संक्षेप में लिखिए।
4. मुक्तिबोध के काव्य में 'फैंटेसी' तत्व पर विचार कीजिए।

खण्ड–ख

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए :

1. भारतेन्दु युग और हिन्दी कविता।
2. निराला और राम की शक्तिपूजा।
3. अज्ञेय और प्रयोगवाद।
4. महादेवी वर्मा और रहस्यानुभूति।
5. शमशेर की कविताओं में प्रकृति-चित्रण।

6. नयी कविता की मुख्य प्रवृत्तियाँ।
7. मुक्तिबोध और 'अंधेरे में' कविता।
8. केदारनाथ सिंह की कविताओं में सामाजिक यथार्थ।

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

एक शब्द में उत्तर दीजिए :

1. खड़ी बोली हिन्दी का पहला महाकाव्य किसे माना जाता है ?
2. 'साकेत' के रचनाकार का नाम बताइए।
3. 'हंसो-हंसो जल्दी हंसो' किस कवि का काव्य संग्रह है ?
4. कौन-सा कवि सोनेट्स छन्द की रचना के लिए प्रसिद्ध है ?
5. 'अंधेरे में' कविता के लेखक कौन हैं ?

सही विकल्प चुनिए :

6. केदारनाथ अग्रवाल किस युग के कवि हैं ?
   (क) रीतियुग
   (ख) आदिकाल
   (ग) भक्तिकाल
   (घ) आधुनिक युग
7. 'इत्यलम्' काव्य संग्रह के लेखक हैं—
   (क) अज्ञेय
   (ख) मुक्तिबोध
   (ग) धर्मवीर भारती
   (घ) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

8. हिन्दी में प्रगतिवाद के आरम्भ का समय है—

   (क) 1935

   (ख) 1938

   (ग) 1936

   (घ) 1940

9. निम्नलिखित में से कौन-सा कवि तीसरा सप्तक में शामिल नहीं है ?

   (क) केदारनाथ सिंह

   (ख) कुँवरनारायण

   (ग) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

   (घ) मुक्तिबोध

10. 'नयी कविता' के प्रवर्तक इनमें से कौन माने जाते हैं ?

   (क) भारत भूषण

   (ख) मुक्तिबोध

   (ग) नरेश मेहता

   (घ) डॉ. जगदीश गुप्त